करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2022 | 17

# गांधी के सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता



हिंडौन सिटी| राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की संयुक्त इकाईयो के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पखवाड़े के उपलक्ष्य गांधी के सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य सुरेश चंद्र मीना व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेश कुमार गर्ग ने बताया कि स्टूडेंटों ने गांधीजी के आदर्शों, सपनों एवं स्वच्छता के संदेश को चित्रकला के माध्यम से उकेरा। निर्णायक मंडल में भोली मीना, श्रीनिवास गुर्जर व राजकुमारी शामिल थे।